PPMN

सहयोग आपका प्रयास हमारा

# परिष्कार पत्रिका

प्रगति की ओर

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ

जयपुर सहित, किशनगढ़, अजमेर, नसीराबाद, ब्यावर, जोधपुर, बानसूर, अलवर, कोटपूतली, बहरोड़, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, कानोता, बस्सी, नीम का थाना, रींगस, सीकर, कोटा, शिवदासपुरा, भीलवाड़ा, अहमदाबाद, बीकानेर, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, मध्यप्रदेश में प्रसारित

**जरूरी सूचना**
यदि आपके पास परिष्कार पत्रिका डाक से आता है और हर माह की 10 व 25 तारीख को पाबंदी से नहीं आ रहा है, तो अपने पोस्टमास्टर या डाकिए से हमारी बात कराएं या सूचित करें। इसका निश्चित रूप से समाधान निकलेगा।
सम्पर्क करें
9314407796

पोस्टल रजि. Jaipur City/ 240/ 2021-23 पाक्षिक (हिन्दी राष्ट्रीय) मूल्य 2 रूपए

विशेषांक

E-Mail : parishkarpatrika@gmail.com

वर्ष - 22 अंक 5 जयपुरः 8 अक्टूबर 2023 से 22 अक्टूबर 2023 RNI No : RJHIN/2002/9810 वार्षिक सदस्यता 251 रूपए

## चैनल हैड जगदीश चंद्र ने किया परिष्कार पत्रिका विशेषांक का विमोचन



**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** परिष्कार पत्रिका ने 1 अगस्त से विभिन्न विद्यालयों में जाकर विद्यालय के निदेशक, प्रिंसिपल, अध्यापक और छात्र–छात्राओं के शिक्षिक दिवस के अवसर पर उनके संदेश और अपने अध्यापकों के इमोशंस को कवर किया। शिक्षक दिवस विशेषांक में सभी संस्था प्रधानों के विचारों को प्रकाशित किया गया। फर्स्ट इंडिया के चैनल हैड जगदीश चन्द्र कातिल ने परिष्कार पत्रिका के शिक्षक दिवस विशेषांक का विमोचन किया। विमोचन के अवसर पर संपादक रविसिंह किरार, परिष्कार न्यूज के कॉर्डिनेटर डेंजिल नाजरथ, कैथलीनों आई फाउंडेशन के संस्थापक माईकल कैथलीनों, मानव सेवा संस्था से कौशल सत्यार्थी, सीए ब्रजेश सिन्हा, मीताली उपस्थित थे।

## मंत्री ने किया राव शेखाजी आरओबी झोटवाड़ा का लोकार्पण



**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** नगरीय विकास, आवासन एवं स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल द्वारा 167 करोड रूपये की लागत से निर्मित राव शेखाजी आर.ओ.बी., झोटवाड़ा का वर्चुअल लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर विधायक – विद्याधर नगर नरपत सिंह राजवी, जयपुर विकास आयुक्त डॉ. जोगा राम, नगर निगम ग्रेटर आयुक्त बाबू लाल गोयल, डीसीपी ट्रेफिक प्रहलाद कृष्णया, निदेशक अभियांत्रिकी सर्वश्री देवेन्द्र गुप्ता, अजय गर्ग, परियोजना के अतिरिक्त मुख्य अभियंता संजीव जैन, अधीक्षण अभियंता अवधेश माथुर, अधिशाषी अभियंता अजय प्रताप सिंह सहित वरिष्ठ एवं संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त व्यापार कल्याण बोर्ड राजस्थान सरकार उपाध्यक्ष गिरिराज गर्ग, झोटवाडा क्षेत्र से झोटवाडा व्यापार मण्डल अध्यक्ष शंकर लाल वर्मा, मनोज सिंह चौहान, मोहन सिंह बिदावत, शिवराज सिंह, अध्यक्ष बनवारी लाल सैनी, कमानी रोड व्यापर मण्डल महामंत्री राजेश, रमेश गुप्ता, वीर दुर्गादास व्यापार मण्डल विष्णु कुमावत उपस्थित रहे।

### राजस्थान राज्य धाणका कल्याण बोर्ड के गठन को मंजूरी

# मुख्यमंत्री ने 8 बोर्ड के गठन को दी मंजूरी



**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** राज्य सरकार समाज के विभिन्न वर्गों के कल्याण एवं उत्थान के लिए कृतसंकल्पित है। इसी उद्देश्य से मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 8 विभिन्न बोर्ड के गठन को स्वीकृति दी है। इन नवगठित बोर्ड में राजस्थान राज्य राजा बली कल्याण बोर्ड, राजस्थान राज्य वाल्मिकी कल्याण बोर्ड, राजस्थान राज्य मेघवाल कल्याण बोर्ड, राजस्थान राज्य पुजारी कल्याण बोर्ड, राजस्थान राज्य केवट कल्याण (मां पूरी बाई कीर) बोर्ड, राजस्थान राज्य जाटव कल्याण बोर्ड, राजस्थान राज्य धाणका कल्याण बोर्ड एवं राजस्थान राज्य चित्रगुप्त कायस्थ कल्याण बोर्ड शामिल हैं। सभी बोर्ड संबंधित वर्गों की स्थिति का जायजा लेने, प्रमाणिक सर्वे रिपोर्ट के आधार पर वर्गों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा इनके पिछड़ेपन को दूर करने के सुझाव राज्य सरकार को देंगे। इन बोर्ड द्वारा संबंधित वर्ग के कल्याण हेतु विभिन्न योजनाएं प्रस्तावित करने, उनके लिए वर्तमान में संचालित विभिन्न योजनाओं के संबंध में विभिन्न विभागों से समन्वय करने, परम्परागत व्यवसाय को वर्तमान तौर–तरीकों से आगे बढ़ाने, रोजगार को बढ़ावा देने तथा शैक्षिक एवं आर्थिक उन्नयन के संबंध में सुझाव दिए जाएंगे। साथ ही, सामाजिक बुराइयों एवं कुरीतियों के विरूद्ध ठोस उपाय करने सहित अन्य सुझाव भी राज्य सरकार को प्रस्तुत किए जाएंगे। इन सभी बोर्ड में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं तीन सदस्य सहित 5–5 गैर–सरकारी सदस्य होंगे तथा राज्य के विभिन्न विभागों के शासन सचिव, आयुक्त, निदेशक, संयुक्त निदेशक एवं उप निदेशक स्तर के अधिकारी सरकारी सदस्य होंगे। इसके अतिरिक्त राजस्थान राज्य अनुसूचित जाति एवं जनजाति वित्त एवं विकास सहकारी निगम लिमिटेड या राजस्थान राज्य अन्य पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास सहकारी निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक स्तर के अधिकारी अथवा उनका प्रतिनिधि विशेष आमंत्रित सदस्य होंगे।

# दुनिया को बदलना है तो स्वयं पर विश्वास करना होगा

### स्वामी विवेकानंद का जीवन चरित्र प्रेरणा का स्त्रोत, आत्मबल और आध्यात्मिकता से मिलती है सफलता

**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित मुख्य सूचना आयुक्त डी.बी. गुप्ता ने कहा कि दुनिया को बदलना है तो स्वयं पर विश्वास करना जरूरी है। लक्ष्य को सावधानीपूर्वक तय करो और उस पर ध्येय बनाओ एवं योजनाबद्ध तरीके से कार्यों निष्पादन करें। उन्होंने कहा कि विचार दूर तक जाते है, शब्द गौण है। हमारी सोच हमारी दिशा तय करती है। डी.बी. गुप्ता शनिवार को यहां रामकृष्ण मिशन परिसर में रामकृष्ण मिशन के 125वें जयन्ती कार्यक्रम के समापन अवसर पर हमारे राष्ट्र के निर्माण में स्वामी विवेकानंद के योगदान विषय पर मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने युवाओं को सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी के संबंध में टिप्स दिए। उन्होंने कहा कि दूसरों से अलग प्रयास करने की कोशिश



करो एवं स्वय को जिज्ञासु बनाओं। उन्होंने रामकृष्ण मिशन परिसर की 1968 से 1976 की अपनी यादों का जिक्र किया। उन्होंने अपने दादाजी भूषण गुप्ता का जिक्र करते हुए अपने जीवन में उनके प्रभावों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचारों ने बचपन में ही मुझे प्रभावित किया जिनके बल पर मै आगे बढ़ा। आयोजन के प्रारंभ में प्रमुख शासन सचिव सहकारिता श्रेया गुहा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए स्वामी विवेकानंद के संदेश को जन–जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने मुख्य सूचना आयुक्त डी.बी. गुप्ता के व्यक्तित्व पर प्रकाश भी डाला। रामकृष्ण मिशन दिल्ली के सचिव स्वामी सर्वलोकानंद ने कहा कि भारत की आध्यत्मिकता एवं धर्म प्राण है। उन्होंने स्वामी विवेकानंद के विचारों से प्रेरणा लेते हुए कहा कि भारत फिर उठेगा, भारत फिर बढ़ेगा और वह अतीत के गौरव से भी आगे बढ़ेगा। चंद्रयान की सॉफ्ट लैंडिग ने विश्व में भारत की अद्वितीय प्रतिभा का परिचय कराया है। उन्होंने कहा कि स्वयं को दुबर्ल ना समझो स्वयं को सशक्त समझो। आत्मविश्वासी बनो। इसी आधार पर लोग महान हुए है। उन्होंने कहा कि सबसे बड़ा बल आत्मबल है। देश निर्माण से पूर्व मनुष्य निर्माण होना आवश्यक है। उसके बल पर ही देश को आगे ले जा सकते है। रामकृष्ण मिशन के सचिव देव प्रभानंद ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने आध्यामित्ता को सींचा और उसे जन–जन तक पहुंचाया। उन्होंने कहा कि भारत भूमि पर जो अवतार हुए है वे आध्यात्मिकता को सींचते हैं। आध्यात्मिकता के बल पर ही भारत विश्व गुरू बन सकता है। विवेकानंद आर्मी के संस्थापक विख्यात शिक्षाविद अजीत राय ने विवेकानंद के जीवन से ओतप्रोत ओजस्वी विचार प्रस्तुत किए। भारतीय विद्या भवन की पूर्व शिक्षिका उमा मेहरा ने विवेकानंद जी के योगदान पर चर्चा करते हुए राष्ट्र निर्माण में भूमिका को रेखांकित किया।

### 21वें स्थापना दिवस में एक्सिलेंस शिक्षक सम्मान 2023

# 100 से अधिक विभिन्न विद्यालयों के शिक्षाविदों का एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मान

**परिष्कार पत्रिका ने शिक्षकों को सम्मानित कर एक उत्कृष्ट कार्य किया और अपने नाम को सार्थक किया: बीके दीदी**











**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** परिष्कार पत्रिका के 21वें स्थापना दिवस के अवसर पर साइंस पार्क के ऑडोटोरियम में परिष्कार पत्रिका एक्सीलेंस सम्मान 2023 का आयोजन किया गया। इस भव्य गरिमामय कार्यक्रम में 100 से अधिक विभिन्न स्कूलों के संस्था प्रधानों और समाजसेवियों ने भाग लिया। परिष्कार पत्रिका के मुख्य संरक्षक शीला देवी, निदेशक श्रवणसिंह किरार, प्रधान संपादक हेमलता किरार, रविसिंह किरार और कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि माईकल कैथलीनो, रिचा भगासर, उषा शर्मा, ओपी राजपुरोहित, प्रो आरके सैनी और संयोजक डेंजिल नाजरथ ने सरस्वती की प्रतिमा का माल्यार्पण किया और दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती वंदना की गई। रूकमणी मॉडल स्कूल की परिष्का किरार और महात्मा गांधी स्कूल मानसरोवर की छात्रा तनिष्का किरार ने एकल नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति से सभी को आनंदित किया। इस अवसर पर मुख्य आमंत्रित अतिथि जयेश कुमार भट्ट ने विभिन्न संस्थाओं के प्रधानों के समक्ष एक पायलट प्रोजेक्ट का प्रजेंटेशन दिया जिसमें बताया गया कि अपने दिमाग की पावर को कैसे बढ़ाएं इस सेशन का सभी अतिथियों ने जमकर लुफ्त उठाया। जयेश कुमार भट्ट इंफ्लुऐंसर बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड से सम्मानित है।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि शिखा आर्य टीजीटी इंगलिश, माईकल कैथलीनों– कैथलीनो आई फाउंडेशन, प्रो आरकेसैनी प्रिंसिपल, ओपी राजपुरोहित सेवानिवृत्त निदेशक दूरदर्शन, डॉ रिचा भगासर प्रिंसिपल चौधरी पब्लिक स्कूल, नमितोशर्मा, रीचा कपूर वाईस प्रिंसिपल जयश्री पेड़ीवाल स्कूल, कैलाश वर्मा निदेशक जय मां सरस्वती विद्यापीठ स्कूल, करूणा नागपाल प्रिंसिपल अरबिंदो इंटरनेशनल स्कूल, उषा सिंह प्रिंसिपल एवं माया कुमारी ब्राईट ब्यूडस स्कूल, डायना कौशिक, पूजा राठौड़, पुष्पेन्द्रशर्मा, सौरभ जोशी, मनीष कुमार, गौरव ठक्कर, लाल्ला बहादुर प्रिंसिपल, खुशाल सत्यार्थी मानवसेवा संस्था, दुर्गा वर्मा, विष्णुशर्मा सेंट जेवियर स्कूल, उमाशर्मा आकाशदीप पीजी कॉलेज, फूलवती चौहान एवं सिद्धार्थ सिंह प्रकाश विध्या निकेतन, डॉ अंजू सक्सेना, ऑलविन डिसल्वा, ब्रीटटो जॉज, दिनेश, शिवशंकर, रामलाल पाराशर एवं अंकित कुमार पारशर चिल्ड्रन पेराडाईज स्कूल, विक्टर लायल, शालीनी लॉयल, सायमन, कैलाश चौहान, ब्रिजेश सिन्हा, लक्ष्मण सिंह महात्मा गांधी गवर्मेंट स्कूल, शिवकुमार वर्मा, शंकरलाल डाबी, विकास शर्मा, गोपाल लाल चौहान, चंदा राठौड़, पलक नाथावत, आरूशी खींची, एंजिल कुमावत, संदीप यादव सहित अनैक गणमान्य संस्था प्रधान एवं पदाधिकारी को उर्पणा ओढ़ाकर और प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया।

## एक शाम रविन्द्र जैन के नाम

**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** निःशक्तजन कल्याण परिषद एवं क्रिएचर फाउंडेशन के द्वारा एकशाम रविन्द्र जैन के नाम संगीत समारोह रविंद्र जैन की पुण्य तिथि पर किया जा रहा है। 9 अक्टूबर को जनोपयोगी सामुदायिक भवन में आयोजित इस समारोह में नेत्रहीन ही अपनी प्रस्तुति देंगे।

## मुख्यमंत्री से मिला चारण समाज का प्रतिनिधिमंडल

### श्रीकरणी चारण एवं डिंगल साहित्यशोध, संरक्षण एवं विकास बोर्ड के गठन के लिए दिया धन्यवाद

**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** चारण समाज के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री निवास पर मुख्यमंत्री अशोकगहलोत से मुलाकात की। आयुदान सिंह कविया के नेतृत्व में आए प्रतिनिधिमंडल



के सदस्यों ने करणी चारण एवं डिंगल साहित्य शोध, संरक्षण एवं विकास बोर्ड के गठन के लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर करणी मंदिर प्रन्यास देशनोक से बादलदान एवं मोहनदान, मढखुडद इन्द्र बाईसा धाम से भैंरूदान, करणी इन्द्र सेवा समिति से अम्बादान, सायर मां धाम से राजवीर सिंह हापावत, प्रान्तीय चारण महासभा जयपुर से सज्जन सिंह, रूपसिंह बारहठ, मदन सिंह चारण सहित प्रदेशभर से आए चारण समाज के लोग उपस्थित रहे।

## आदर्श आचार संहिता के दौरान पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ करें कार्य : मुख्य सचिव



**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** मुख्य सचिव उषा शर्मा ने कहा कि आगामी विधान सभा चुनाव के मध्यनजर आदर्श आचार संहिता की अवधि के दौरान भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों की शत–प्रतिशत पालना सुनिश्चित करते हुए निष्पक्षता एवं पारदर्शिता के साथ कार्य करें। मुख्य सचिव शनिवार को शासन सचिवालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में इस संबंध में प्रमुख विभागों के अतिरिक्त मुख्य सचिव, प्रमुख शासन सचिव, शासन सचिव के साथ आयोजित बैठक को सम्बोधित कर रही थीं। शर्मा ने कहा कि विधानसभा चुनाव में अधिकारी टीम भावना से आपसी समन्वय के साथ कार्य करें ताकि निर्वाचन आयोग के मापदण्डों के अनुरूप निष्पक्ष एवं शांतिपूर्वक चुनाव सम्पन्न हो सकें। उन्होंने कहा कि सभी विभाग आयोग के निर्देशों की अक्षरश : पालना करते कार्य करना सुनिश्चित करें। मुख्य सचिव ने कहा कि सभी अधिकारी यह भी सुनिश्चित करें कि आम नागरिकों को मूलभूत आवश्यकताओं के लिए परेशान नहीं होना पड़े। बैठक में मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने कहा कि चुनाव के दौरान आचार संहिता का कहीं भी उल्लंघन नहीं हो इसका विशेष रूप से ध्यान रखा जाए। इस दौरान उन्होंने प्रजेंटेशन के माध्यम से आचार संहिता के दौरान किए जाने वाले आवश्यक कार्यों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता प्रभाव में रहने की अवधि में विभिन्न विभागों द्वारा स्पष्टीकरण व शिथिलता संबंधी प्रकरण प्राप्त होने पर इनका मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित स्क्रीनिंग समिति द्वारा परीक्षण किया जाएगा। बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव, उद्योग एवं वाणिज्य वीनू गुप्ता, अतिरिक्त मुख्य सचिव, जन स्वास्थ्य अभियान्त्रिकी डॉ. सुबोध अग्रवाल, अतिरिक्त मुख्य सचिव, चिकित्सा शुभ्रा सिंह, अतिरिक्त मुख्य सचिव, वित्त अखिल अरोड़ा, अतिरिक्त मुख्य सचिव राजस्व, अपर्णा अरोड़ा, अतिरिक्त मुख्य सचिव, वन एवं पर्यावरण शिखर अग्रवाल सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## रोडवेज का मासिक पास बनवाने पर महिलाओं–बालिकाओं को किराए में मिलेगी 90 प्रतिशत की छूट

**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** राज्य की सभी बालिकाओं एवं महिलाओं को रोडवेज का मासिक पास बनवाने पर अब किराये में 90 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इस आशय के प्रस्ताव का अनुमोदन कर दिया है। मुख्यमंत्री ने हाल ही में इस सम्बन्ध में घोषणा की थी। मुख्यमंत्री की इस स्वीकृति से अब रोडवेज का मासिक पास बनवाने वाली बालिकाओं एवं महिलाओं को किराये की केवल 10 प्रतिशत राशि ही वहन करनी होगी। यह छूट राजस्थानराज्य पथ परिवहननिगम की साधारण एवं द्रुतगामी बसों में राजस्थान राज्य की सीमा में देय होगी। वर्तमान में परिवहन निगम द्वारा महिलाओं एवं पुरुषों को लगभग 1.61 लाख मासिक यात्रा पास जारी किये गए हैं। ये पास किराये की राशि में 45 प्रतिशत की छूट देकर जारी किये जाते हैं। अब महिलाओं एवं बालिकाओं को 90 प्रतिशत की छूट दिये जाने से इनके पासों की संख्या में दोगुनी से भी अधिक वृद्धि होने की संभावना है।

**प्रकाशन के लिए अपने संदेश भेजें या मेल करें -**

**संपादक, परिष्कार पत्रिका,**
रजि. कार्यालय : प्लाट नं. 89, संतोषनगर, अजमेर रोड़, जयपुर-6
ब्रांच ऑफिस : शॉप नं 2, प्लाट नं 36 भैरव नगर, ईएसआई के पास, हटवाड़ा रोड़, जयपुर-06
मो : 9314407796, 9351311820
parishkarpatrika@gmail.com

PRIME TRACK



शायर सिंह किरार
ट्रैकोन कोरियर प्रा. लि.

**Trackon**
**Couriers Pvt. Limited**

अपने प्रियजनों को भेंजे संदेश या उपहार, घर बैठे कोरियर पिकअप और डिलीवर के लिए हमसे सम्पर्क करें -

शॉप नं. 2, प्लाट नं.36, भैरव नगर, हटवाड़ा रोड़, जयपुर [राजस्थान]
मो. नं. 8561888504, 6350176413, 9314407796

## सम्पादकीय

राज्य सरकार ने समाज के विभिन्न वर्गों के कल्याण एवं उत्थान के उद्देश्य से मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 8 विभिन्न बोर्ड के गठन को स्वीकृति दी है। बोर्ड गठन की सूचना पाकर सम्पूर्ण समाज वासी उल्लासित है। अब हमें आगे की प्रक्रिया पर गौर करना चाहिए। शांत, स्थिर व संतुलित दिमाग ही हमारी सबसे बडी उपलब्धि बनता है। शांत, स्थिर और संतुलित दिमाग से ही हम जीवन की सभी समस्यायों, उलझनों व मुसीबतों से छुटकारा प्राप्त करने के साथ सफलता के पथ पर आगे बढ़ सकते है, शांत व स्थिर दिमाग से हम जीवन के हर फैसले पूरे धैर्य और विवेक के साथ करते है। शांत, स्थिर व संतुलित दिमाग से हमारा स्वास्थ लम्बे समय तक अच्छा व बेहतर रहता है जो जीवन के हर क्षण काम आता है। शांत, स्थिर व संतुलित दिमाग हमारे मष्तिष्क में अच्छे प्रभावशाली ओर लोकहित के विचार उत्पन्न होते है। अच्छे विचार अच्छी सोच बनकर अच्छे कार्य करवाते है, अच्छे व जनहित के कार्य हमें सम्मान और पहचान दिलवाने में अहम भूमिका निभाते है। शांत, स्थिर और संतुलित दिमाग से हम अपने व अपने परिवार को जीवन के हर क्षेत्र में सफलता, सम्मान व उपलब्धि हासिल कर सकते है, इसलिए हमें अपने दिमाग को सदैव शांत, स्थिर और संतुलित रखने का प्रयास करते रहना चाहिए, ध्यान व योग दिमाग को शांत रखने का कारगर माध्यम है, हमें इसका अधिक से अधिक उपयोग करते रहना चाहिए क्योंकि शांत, स्थिर, संतुलित दिमाग किसी भी ब्रह्मास्त्र से कम नहीं होता। इसलिए अपने दिमाग को शांत रखते हुए आगे की कार्यवाही पर विचार करें और समाज की एकजुटता को प्रदर्शित करें। समाज के विकास के लिए उसकी जनगणना में सही आंकड़ें उपलब्ध कराने में सहयोग करें साथ ही समाजिक समास्याओं को दूर करने के लिए योजनाएं बनाए।

जय हिन्द। जय भारत।।

### दिव्यांगजनों के खिले चेहरे

# सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ने 175 दिव्यांगजनों को की निःशुल्क स्कूटी वितरित

**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली ने अलवर जिले में 175 दिव्यांगजनों को पुष्पाहार पहनाकर स्कूटी की चाबी सौंपी तथा हेलमेट भेंट किए।

टीकाराम जूली ने उपस्थित दिव्यांग बालक–बालिकाओं का हौंसला बढ़ाते हुए कहा कि राज्य सरकार दिव्यांगजन के हितों के लिए सदैव प्रतिबद्व रही है तथा दिव्यांगों के कल्याण हेतु कंधे से कंधा मिलाकर उनके साथ खडी है। दिव्यांगजनों को राज्य सरकार स्वरोजगार से जोडने के साथ ही कल्याणकारी योजनाओं से निरन्तर लाभांवित कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अलवर जिले के दिव्यांगजनों को वर्ष 2023–24 के तहत मुख्यमंत्री दिव्यांगजन निःशुल्क स्कूटी योजना में 370 स्कूटी वितरित की जानी है जिसमें से आज अतिथियों द्वारा 175 दिव्यांगो को स्कूटी व हैलमेट वितरित कर चाबी सौंपी गई है तथा पूर्व में 117 स्कूटियों का वितरण किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि जिले में अब तक कुल 292 दिव्यांगजनों को निःशुल्क स्कूटी वितरित की गई है।



**स्कूटी मिलने पर चेहरों में आई मुस्कान :** लक्ष्मणगढ के अलबक्श का बास सहदका निवासी रामसिंह ने बताया कि वह सिलाई का कार्य करता है तथा दुकान पर आने–जाने में साधन के अभाव में मुश्किलों का सामना करना पडता था जो अब स्कूटी मिलने पर नहीं करना पडेगा। 60 फिट रोड़ शास्त्री नगर निवासी रतनलाल प्रजापत ने बताया कि वह प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा है कोंचिग सस्थान व अन्य स्थानों पर आने–जाने के लिए बहुत सी समस्याओं का सामना करना पडता था। अब मानों स्कूटी देकर मुख्यमंत्री ने हमें दो पैर दे दिए हो। इसी प्रकार मेहताब सिंह का नोहरा निवासी कंचन नायक आंगनबाडी कार्यकर्ता, बल्लाना निवासी तसरून खान मोटर बांईडिंग वर्कर तथा बडेर मालाखेडा निवासी रामरती सिलाई का कार्य करती है। कार्यक्रम में सरस डेयरी चेयरमैन विश्राम गुर्जर सहित बडी संख्या में दिव्यांगजन एवं आमजन उपस्थित थे।

### एल्युम्नी मीट के आयोजन में पूर्व विद्यार्थियों ने सांझा किए अनुभव व स्मृतियां

# राजस्थानी भाषा के विकास के लिए होगी राजस्थानी सेंटर की स्थापना

**परिष्कार पत्रिका लाडनूं।** जैन विश्वभारती संस्थान (मान्य विश्वविद्यालय) के पूर्व छात्रों का सम्मेलन 'एल्युम्नी मीट' का आयोजन शनिवार को सेमिनार हॉल में आयोजित किया गया। विश्वविद्यालय के पूर्व छात्रों को सम्बोधित





करते हुए कुलपति प्रो. बच्छराज दूगड़ ने कहा कि कुछ अंतराल के बाद वापस मिलना बहुत खुशी देता है। इसके लिए दो दिनों का आयोजन रखा जाना चाहिए। यह एल्यूम्नी मीट एक उत्सव की तरह िनी चाहिए। इस दरमियान होने वाले विचारों के आदान–प्रदन को भी उन्होंने महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने विश्वविद्यालय की प्रगति को रेखंकित करते हुए बताया कि नैक द्वारा 'ए' ग्रेड मिलना, एकेएस वर्ल्डवाइड प्रा. लि. द्वारा दुबई में आयोजित ग्लोबल एजुकेशन समिट–2023 में बेहतरीन पाठ्यक्रमों का निर्माण करने एवं उन्हें लागू करने हेतु 'बेस्ट डीम्ड यूनिवर्सिटी' श्रेणी का अवार्ड मिलना आदि उपलब्धियां हैं। संस्थान ने आचार्य महाप्रज्ञ मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल आफ नेचुरोपैथी एंड योग का भवन तैयार करने के साथ ही नेचुरोपैथी ट्रीटमेंट शुरू कर दिए हैं। बीएनवाईएस के डिग्री पाठ्यक्रम के लिए राज्य सरकार की एनओसी मिलने पर प्रवेश प्रारम्भ कर दिए जाएंगे। यह विश्वविद्यालय की महत्वाकांक्षी योजना थी, जिसमें आधुनिकतम मशीनें उपचार के लिए स्थापित की गई हैं और नेचुरोपैथी की हर तरहकी चिकित्सा के डाक्टर्स व डायटीशियंस की टीम सक्रिय है।

**वास्तु व ज्योतिष पर पाठ्यक्रम शीघ्र :** कुलपति प्रो. दूगड़ ने बताया कि संस्थान में इसी सेशन में राजस्थानी सेंटर स्थापित किया जा रहा है, जिसमें राजस्थानी भाषा के विकास के लिए कार्य किया जाएगा। यह संस्थान ओरिएंटेड स्टडी का केन्द्र है, यहां प्राच्य विधाओं पर काम होता है। वास्तु एवं ज्योतिष पर पाठ्यक्रम शुरू किया जा रहा है। क्लासिकल म्यूजिक पर भी काम हो रहा है और इसका अलग विभाग अगले सत्र से शुरू किया जाएगा। उन्होंने संस्थान की वितीय स्थिति की सुदृढता के बारे में आंकड़े प्रस्तुत किए। कुलपति ने संस्थान के रिसर्च प्राग्राम की जानकारी दी और बताया कि केन्द्र सरकार के आर्थिक सहयोग से विभिन्न प्रोजेक्ट्स चल रहे हैं। उन्होंने रिसर्च के पब्लिकेशन और रिसर्च के काम को आगे बढाने की आवश्यकता बताई। कुलपति ने मैन्युस्क्रिप्ट सेंटर द्वारा अपने मिशन के तहत भारत सरकार के प्रोजेक्ट पर काम हो रहा है। यहां पांडुलिपियों को संरक्षित किया जा रहा है। उन्होंने विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के राष्ट्रीय स्तर पर योग के क्षेत्र में 25 से 30 रिकॉर्ड बनाने, सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में राष्ट्रीय स्तर पर अवार्ड के रूप में उपलब्धियां प्राप्त करने के लिए प्रशंसा व्यक्त की तथा संस्थान के शिक्षकों द्वारा प्राप्त सम्मान व पुरस्कारों के बारे में भी बताया।

# रक्तदान मानव मात्र की एक उत्तम सेवा–सुनील बाली

### संत निरंकारी मिशनशाखा प्रतापनगर ने 600 युनिट रक्तदान किया



**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** सन्त निरंकारी मिशन की शाखा प्रतापनगर जयपुर द्वारा हल्दी घाटी मार्ग स्थित रा. महिला पॉलीटेक्निक कॉलेज परिसर में रविवार को आयोजित छठवें रक्तदान शिविर में निरकारी वॉलंटियर्स, सेवादल सदस्य, निरंकारी अनुयायियों व क्षेत्र के रक्तदाताओं ने 6 ब्लड बैंक की टीमों के सहयोग से कुल 600 युनिट रक्त एकत्रित किया। रक्तदान शिविर का उद्धघाटन जयपुर सांसद रामचरण बोहरा, स्थानीय पार्षद महेंद्र शर्मा वार्ड नंबर 102 एवं मंडल के क्षेत्रीय संचालक सेवादल मनोज कुमार खंगार उपस्थित रहे। सांसद बोहरा ने रक्तदाताओं के इस कल्याण की भावना की सराहना कर उनका उत्साहवर्धन किया और कहां कि एक युनिट रक्तदान से तीन जिन्दगियां बचाई जा सकती है इसलिए रक्तदान एक महान कार्य है जो एक रकड़ाता करता है। शिविर संत निरंकारी चॉरिटेबल फाउंडेशन और सवाई मान. सिंह ब्लड बैंक, ट्रोमा ब्लड बैंक, जयपुरिया हॉस्पिटल ब्लड बैंक, स्वास्थ्य कल्याण ब्लड बैंक, महात्मा गांधी ब्लड बैंक व जन कल्याण ब्लड बैंक की टीमों के सहयोग किया गया।

शिविर में आयोजित विशाल निरंकारी सत्संग को सम्बोधित करते हुए जोन 20 बी जयपुर के जोनल इंचार्ज सुनीलबाली ने अपने विचारों में कहा कि रक्तदान मानव मात्र की एक उत्तम सेवा है। जब पूर्ण सतगुरु की कृपा से इंसान को आत्मबोध हो जाता है तो प्रत्येक इंसान में परमात्मा की ज्योति दिखाई देती है। फिर मानव मात्र की सेवा परमात्मा की सेवा बन जाती है। यही भावना इंसान को मानव सेवा के लिए प्रेरित करती है।

# जीव कल्याण कार्यों के लिए मैट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट दिल्ली से यशपाल सम्मानित

### वृद्ध सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं : सपरा

**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** निराश्रित जन सेवा बानप्रस्थ आश्रम के माध्यम से वृद्ध सेवा पशु पक्षी पेड़ों की देखभाल सुश्रुषा जैसे जीव कल्याण कारी कार्यों को समर्पित ओउमाश्रय सेवा धाम संचालक यशपाल यश को मैट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट दिल्ली रहे कवि साहित्यकार ओउम् प्रकाश सपरा ने सम्मानित किया। सपरा ने गायत्री मंत्र दुपट्टा ओढ़ाकर साहित्य एवं ओउमाश्रय को इक्कीस सौ रुपए भेंट किए। सपरा जो केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के संरक्षक भी हैं ने कहा कि ऐसा आश्रम दुनिया में नहीं जंहा एक साथ निराश्रित जन सेवा वृद्ध सेवार्थ बानप्रस्थ आश्रम जीवों के लिए नियमित अन्न जल सेवा सघन वृक्षारोपण तथा संस्कारबान पीढ़ी निर्माण हेतु यज्ञी एक जगह हो रहा हो। सपरा ने कहा कि वृद्ध सेवा से वढकर कोई धर्म नहीं इससे आयु विद्या यश और वल मिलता है। यश ने कहा कि ईश्वर का कार्य ईश्वर करते हैं हम तो प्रभु के प्रति कृतज्ञ हैं कि हमें ऐसा कार्य दिया है जिसके माध्यम से अपने जीवन के कल्याण का अवसर मिला है। डॉ प्रमोद पाल ने बताया कि इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार पत्रकारिता शिक्षण संस्थाओं के परीक्षक जयदेव शर्मा प्रतिभा सपरा, सन्तोष नारायण शर्मा वावूलाल खण्डेलवाल, अशोक, सुरेश, अंजना खण्डेलवाल टी सी सक्सेना नवनीत भटनागर अमित वंशल वैभव ऊषा रिद्धि आदि ने भी भाग लिया। इससे पूर्व पितृ यज्ञ पखवाड़े में चल रहा यज्ञ भी हुआ।



# प्रदेश में होगा राजस्थान टैलेंट सर्च एग्जाम

### प्रतिवर्ष 10 हजार चयनित विद्यार्थियों को दी जाएगी छात्रवृति, 10वीं में पहली बार प्रविष्ठ हो रहे विद्यार्थी होंगे पात्र

**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** नेशनल टैलेंट सर्च एग्जाम की तर्ज पर प्रदेश के मेधावी विद्यार्थियों के लिए राजस्थान टैलेंट सर्च एग्जाम का आयोजन होगा। इसमें चयनित 10 हजार विद्यार्थियों को कक्षा 11 व 12 में प्रतिमाह 1250 और स्नातक व स्नातकोत्तर कक्षाओं के लिए प्रतिमाह 2000 रुपए की छात्रवृति मिलेगी। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है। इस परीक्षा के लिए कक्षा 10वीं में पहली बार प्रविष्ठ हो रहे विद्यार्थी पात्र होंगे। परीक्षा हिन्दी व अंग्रेजी माध्यम में होगी। परीक्षा के लिए नोडल एजेंसी माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान अजमेर को बनाया गया है। परीक्षा में दो प्रश्न पत्र होंगे।

पहला, मानसिक योग्यता परीक्षा और दूसरा, शैक्षिक योग्यता परीक्षा का होगा। इसमें विद्यार्थी निःशुल्क आवेदन कर सकेंगे। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री द्वारा बजट वर्ष 2023–24 में इस संबंध में घोषणा की गई थी।

# नगर निगम ग्रेटर महापौर ने किया 313.35 करोड़ के विकास कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण

**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** नगर निगम ग्रेटर महापौर डा सौम्या गुर्जर ने रविवार को विजनरी प्रस्तावों को धरातल पर लाने के लिए नगर निगम ग्रेटर मुख्यालय के स्वामी विवेकानन्द सभासद भवन में 313.35 करोड के विकास कार्यो का वर्चुअल शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। इस मौके पर नगर निगम ग्रेटर के चौयरमैन, पार्षद, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। महापौर डा सोम्या गुर्जर ने बताया कि 313.35 करोड के विकास कार्यो जिनमें नवीन सडको का निर्माण, मिंसिग लिंक नवीन सीवर लाईन डालने, मोक्षधाम, कब्रिस्तानों में किये गये विकास कार्य, नवीन पार्षद कार्यालय, सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण, सामुदायिक केंन्द्र निर्माण कार्य, इन्दिरा रसोई निर्माण कार्य, नवीन हाईमास्ट लाईटों, 02 ई–लाईब्रेरी, 05 ऑपन जिम व 22 नवीन विकसित किये गये उद्यानों आदि कार्यो का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया गया।

महापौर नें बताया कि नगर निगम ग्रेटर द्वारा लोकार्पण व शिलान्यास के अन्तर्गत हर वर्ग जैसे युवा, महिला आदि के लिए विकास कार्यो को समर्पित किया है उन्होने बताया कि मानसरोवर जोन में ई–चार्जिग स्टेशन तैयार हो चुका है इसके साथ ही सीवरेज ट्रीटमेंट प्लान का भी उद्घाटन किया जायेगा।

आयुक्त बाबुलाल गोयल ने उपस्थित सभी को सम्बोधित करते हुए कहा कि वार्ड में सफाई के प्रति बेहतर मोंनेटरिग हो इसके लिए सभी को संयुक्त प्रयास किये जाने चाहिए जिससे भविष्य में नये आयाम नगर निगम ग्रेटर स्थपित कर सके।

### जयपुर विकास प्राधिकरण

# बारह बीघा भूमि पर अवैध विलाज को किया ध्वस्त

**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन–12 में इकोलोजिकल जोन जयसिंहपुरा खोर में निजी खातेदारी करीब 12 बीघा कृषि भूमि पर निर्माणाधीन 12 अवैध विलाज का प्रारंभिक स्तर पर ही पूर्णतः ध्वस्तीकरण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया। ईकोलाजिकल जोन आगरा रोड़ विजयपुरा ए विहार कॉलोनी में अवैध निर्माण को ध्वस्त कर अवरूद्ध रास्ते को खुलवाया।

मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन धर्मेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि जोन–10 के क्षेत्राधिकार इकोलोजिकल जोन में अवस्थित जयसिंहपुरा खोर जिला जयपुर में करीब 12 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति– अनुमा. दन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवाये भूमि को समतल कर ''रोहित नगर–6'' के नाम से विगत दिवसों में मौका पाकर रातों–रात बनाई गई, बाउण्ड्रीवाल, निर्माणाधीन 12 अवैध विलाज व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन–10 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। संबंधित से जेडीए के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही का नियमानुसार खर्चा–वसूली की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

जेडीए द्वारा जोन– 10 के क्षेत्राधिकार ईकोलोजिकल जोन आगरारोड़ कानोता के पास विजयपुरा,



विहार कॉलोनी में करीब 40–50 फीट में 02 फीट ऊँची बाउण्ड्रीवाल व अन्य अवैध निर्माण कर रास्ता अवरूद्ध कर रखा था जिसकी सूचना प्राप्त होने पर आज जोन–10 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया गया। उक्त कार्यवाही उप नियंत्रक प्रवर्तन–चतुर्थ, प्रवर्तन अधिकारी जोन–10, 01 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई।


## राजस्थान आवासन मण्डल

हमारा प्रयास - सबको आवास

योजना प्रारंभ दिनांक: 19 जून, 2023

जयपुर के प्रताप नगर में हल्दी घाटी मार्ग पर स्थित देश के पहले कोचिंग हब में निर्मित संस्थानिक सम्पत्तियों को अब तृतीय चरण में इच्छानुसार पाने का सुनहरा मौका

" खुद चुनो–खुद खरीदो "

आकर्षक ब्याज दरों पर बैंक लोन उपलब्ध




महीने के अंतिम सोमवार से बुधवार ऑनलाइन आवेदन करें

**ऑनलाइन आवेदन** — महीने के अंतिम सोमवार प्रात: 10:00 बजे से बुधवार सायं 4:00 बजे तक

**'ओपन काउंटर सेल'** की तर्ज पर तीसरे चरण का आवंटन

**आवंटन का दिवस और समय** — महीने के अंतिम बुधवार को सायं 4:30 बजे

**मनचाही निर्मित संस्थानिक सम्पति का चयन करें**
- मौका देखकर
- मंडल की वेबसाइट पर

उपलब्ध कोचिंग परिसरों (सम्पत्तियों) का विवरण :-

| क्र.सं. | निर्मित क्षेत्रफल का वर्गीकरण | उपलब्ध संख्या | सुपर बिल्टअप क्षेत्रफल (वर्गफीट) | दर प्रति वर्गफीट | कीमत (रूपये में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1(i) | Type-I (Ground & Ist Floor) | 02 | 8025.56 | 4619.69 | 3,70,75,600 |
| 1(ii) | Type-I (Pair) (Ground & Ist Floor) | 03 | 16051.12 | 4619.69 | 7,41,51,200 |
| 1(iii) | Type-I (2nd & 3rd Floor) | 06 | 8025.56 | 4490.69 | 3,60,40,300 |
| 1(iv) | Type-I (Pair) (2nd & 3rd Floor) | 02 | 16051.12 | 4490.69 | 7,20,80,600 |
| 2(i) | Type-II | 11 | 4012.72 | 4233.86 | 1,69,89,300 |
| 2(ii) | Type-II (Pair) | 06 | 8025.44 | 4233.86 | 3,39,78,600 |
| 3 | Type-III | 14 | 2808.79 | 4233.92 | 1,18,92,200 |
| 4 | Type-IV | 09 | 2409.91 | 4233.85 | 1,02,03,200 |
| 5 | Type-V | 13 | 2424.65 | 4233.84 | 1,02,65,600 |

नोटः- उपरोक्त कीमत के अतिरिक्त नगर निगम की देय 15 प्रतिशत राशि एवं अन्य विधि व्यय पृथक से देय होंगी।

शर्तें एवं भुगतान प्रक्रिया: • पंजीकरण हेतु आवेदन शुल्क 5000/- रूपये (18% GST अतिरिक्त) • प्रोसेसिंग फीस राशि 10000/- (18% GST अतिरिक्त) • 50 प्रतिशत राशि (पंजीकरण राशि समायोजित करते हुए) आवंटन पत्र जारी होने की तिथि से 120 दिवस में जमा करानी होगी। • शेष 50 प्रतिशत राशि आवंटन पत्र जारी होने की तिथि से 180 दिवस में जमा करानी होगी। • आवंटन पश्चात् संस्था आवंटित क्षेत्रफल में आन्तरिक साज-सज्जा का कार्य करवा सकेगी। परन्तु आवंटित सम्पत्ति का विधिवत कब्जा सम्पूर्ण राशि जमा कराने के पश्चात् ही दिया जा सकेगा। • आवंटी संस्था द्वारा विधिवत कब्जा प्राप्त करने से तीन माह की अवधि में संस्था संचालन की कार्यवाही करनी अनिवार्य होगी।

किसी सम्पत्ति के लिए एकल आवेदन आने पर बिना लॉटरी के एवं एक से अधिक आवेदन आने पर लॉटरी से आवंटन किया जाएगा।

संस्थानिक सम्पत्ति के चयन के लिए मौके पर स्थापित "हेल्प डेस्क" पर संपर्क करें

अब तक 63 यूनिट्स कोचिंग संचालकों को आवंटित, शेष यूनिट्स के लिए आवेदन आमंत्रित हैं।

हेल्पलाइन नं. कार्यालय समय में: 0141-2744688, 2740009 कार्यालय समय उपरान्त: 9461054291/92/319 एवं 9460254319, शांतनु वार्ष्णेय (9983131666), पवन सोनी (8852000770) या समन्वयक अधिकारी श्री भारत भूषण जैन (9828363615) से सम्पर्क करें

RHB वेबसाइट के लिए Scan करें | मौके की हेल्प डेस्क की लोकेशन के लिए Scan करें

Rera Reg. No.: RAJ/P/2022/2068 | RERA Website: http://rera.rajasthan.gov.in

अधिक जानकारी एवं ऑनलाइन आवेदन के लिए RHB की वेबसाइट www.urban.rajasthan.gov.in/RHB देखें।

# खाचरियावास को प्रकाश स्कूल में सम्मानित किया

**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** केबीनेट मंत्री प्रतापसिंह खाचरियावास निरंतर सिविल लाईन विधानसभा क्षेत्र में दौरा कर विकास कार्यों का जायजा ले रहे है, साथ ही पूर्ण हुए कार्यों का लोकापर्ण कर रहे हैं। वे क्षेत्र के सभी गणमान्य नागरिकों से सम्पर्क कर रहे हैं। इसी दौरान वे प्रकाश विध्या निकेतन सीनियर सैकंडरी स्कूल शांति नगर में पहुंचे। विद्यालय के प्रिंसिपल सिद्धार्थ सिंह चौहान ने



उनका माला पहनाकर और स्मृति चिन्ह प्रदान कर शुभकामनाएं दी और आभार प्रकट किया।

# शास्त्री नगर में दी नए जनता क्लिनिक की बड़ी सौगात



**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** कैबिनेट मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने शहरी स्वास्थ्य कल्याण केंद्र जनता क्लिनिक आरपीए रोड, पानी पेच के पास, शास्त्री नगर का शिलान्यास किया। नवनिर्मित बनने वाले जनता क्लिनिक का निर्माण कार्य 50 लाख रुपए के विधायक कोष द्वारा किया जाएगा। मंत्री खाचरियावास ने कहा कि इस जनता क्लिनिक के खुलने से दर्जनों कॉलोनी के नागरिकों को स्वास्थ्य लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि जनता क्लिनिक के खुलने से यहांकी प्रमुख कालोनियां नेहरू नगर, प्रेम कॉलोनी, बस्सी सीतारामपुरा, कला कार कॉलोनी, संजय कॉलोनी, डेजर्ट कॉलोनी, महादेव नगर, हंस वाटिका, राजीव कॉलोनी, स्वर्णकार कॉलोनी, सुभाषनगर, इंदिरा कॉलोनी सहित बनीपार्क के लाखों लोगों को इसका लाभमिलेगा। शहरी स्वास्थ्य कल्याण केंद्र में निशुल्क दवा, निशुल्क जांच, टीका करण के साथ–साथ डॉक्टर की ओपीडी सुविधा यहां पर आम नागरिक को उपलब्ध होगी।

# आठवां सेल्यूट टू कलाम मेगा ऐस्से कंपिटिशन अवार्ड–2023



**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** कैथलीनो आई फाउंडेशन के तत्वाधान में 18अक्टूबर को जवाहर कला केन्द्र में 8वां सल्यूट टू कलाम मेगा ऐस्से कंपिटिशन अवार्ड 2023 का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में गेस्ट ऑफ ऑनर केलिए जगदीश चन्द्र को आमंत्रित किया। इस अवसर पर माईकल कैथलीनो, ब्रजेश सिन्हा, कुशाल, डेंजिल नाजरथ, परिष्कार पत्रिका से रविसिंह किरार, मिताली उपस्थित थे। 18 अक्टूबर को आयोजित होने वाले कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बिशप जोसफ होंगे। कार्यक्रम में सभी विद्यालयों के प्रिंसिपल और प्रथम द्वितीय और तृतीय आनेवाले छात्र–छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा।

# 28 विद्यालयों में खुलेंगे नए संकाय, 114 नवीन पदों का होगा सृजन

**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** राज्य सरकार के निर्णयों से प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में नये आयाम स्थापित हो रहे हैं। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इसी क्रम में 28 विद्यालयों में नवीन संकाय खोलकर 114 नवीन पदों के सृजन की स्वीकृति दी है। गहलोत ने 3 विद्यालयों में विज्ञान संकाय खोले जाने की कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान की है। साथ ही, इनमें स्कूल व्याख्याता एवं प्रयोगशाला सहायक के 9–9 पद सृजित करने की मंजूरी दी है। इसी प्रकार, मानदण्ड पूरे करने वाले 5 विद्यालयों तथा शिथिलन प्रदान किये गए 20 विद्यालयों में अतिरिक्त संकाय खोले जाने की स्वीकृति देते हुए इनमें व्याख्याता स्कूल शिक्षा के 74 एवं प्रयोगशाला सहायक के 22 पद सृजित किये जाने की भी मंजूरी दी है।

## राज्य में होगा जाति आधारित सर्वेक्षण

# राज्य मंत्रिमंडल के निर्णय पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग ने जारी किए आदेश

**परिष्कार पत्रिका।** सभी वर्गो के सर्वांगीण विकास के लिए संकल्पित राज्य सरकार अपने संसाधनों से जाति आधारित सर्वेक्षण कराएगी। सर्वेक्षण में राज्य के समस्त नागरिकों के सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक स्तर के सम्बंध में जानक. ारी एवं आकंडे एकत्रित किए जाएंगे। राज्य सरकार द्वारा इनका विशेष अध्ययन कराकर वर्गों के पिछडेपन की स्थिति में सुधार लाने के लिए विशेष कल्याणकारी उपाय और योजनाएं लागू की जाएगी। इससे सभी वर्गों के जीवन स्तर में सुधार आएगा। राज्य मंत्रिमंडल के निर्णय की अनुपालना में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के शासन सचिव डॉ. समित शर्मा द्वारा इस सम्बंध में आदेश जारी किया गया है।

**आयोजना विभाग को बनाया गया है नोडल विभाग :** सर्वेक्षण कार्य आयोजना (आर्थिक एवं सांख्यिकी) विभाग द्वारा नोडल विभाग के रूप में सम्पादित किया जाएगा। साथ ही, सभी जिला कलेक्टर सर्वेक्षण के लिए नगर पालिका, नगर परिषद, नगर निगम, ग्राम एवं पंचायत स्तर पर विभिन्न विभागों के अधीनस्थ कार्मिकों की सेवाएं ले सकेंगे। कार्य के लिए नोडल विभाग द्वारा प्रश्नावली तैयार की जाएगी।

इसमें उन समस्त विषयों का उल्लेख होगा, जिससे प्रत्येक व्यक्ति की सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक स्तर की सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त हो सके।

**ऑनलाइन एकत्रित होंगी सूचनाएं :** सर्वेक्षण से प्राप्त सूचनाएं एवं आंकड़े ऑनलाइन फीड किए जाएंगे। इसके लिए सूचना, प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग द्वारा पृथक से विशेष सॉफ्टवेयर एवं मोबाइल एप बनाया जाएगा। सर्वेक्षण से प्राप्त संकलित की गई सूचनाएं विभाग सुरक्षित रखेगा।

## मुख्यमंत्री ने सुनी धानका समाज की आवाज


# मुख्यमंत्री से मिलना सार्थक रहा : रामअवतार खर्रा

**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** समाज के विभिन्न वर्गों के उत्थान के उद्देश्य से मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 8 विभिन्न बोर्ड के गठन को स्वीकृति दी है। इन नवगठित बोर्ड में राजस्थान राज्य धाणका कल्याण बोर्ड के गठन करने पर सम्पूर्ण धानका समाज में उत्साह का माहौल हैं और सभी अपने अपने तरीके से मुख्यमंत्री का आभार प्रकट करते हुए शुभकामनाएं दे रहा है। हाल ही में पिछले पखवाड़ें में धानका समाज बोर्ड गठन की प्रमुख मांग, समाज के नाम से छात्रावास की जमीन देने की मांग और आने वाले विधानसभा चुनावों में धानका समाज को टिकट देने की मांग को लेकर जोधपुर के वरीष्ठ कांग्रेस पदाधिकारी रामअवतार खर्रा के नेतृत्व में 15 सदस्यी प्रतिनिधि मंडल



मुख्यमंत्री से मिला और अपनी बात रखी थी। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि धानका समुदाय के लोग लम्बे समय से कांग्रेस के समर्थन में रहे हैं। ऐसे में अभी तक उनके पास न तो छात्रावास है और न बोर्ड। इसलिए हमारे समाज के विकास के लिए हमारी प्रमुख तीन मांगों पर गौर करते हुए जल्द से जल्द पूरी की जाए। इस मुलाकात में परिष्कार पत्रिका से श्रवण सिंह किरार, रविसिंह किरार एवं शुभम खरे, बाबूलाल डाबी सहित समाज के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

समाज के सभी लोगों ने रामअवतार खर्रा को सम्मानित किया। समाज के गणमान्य लोगों ने उनका माला और साफा पहनाकर कर समाज के लिए किए गए महत्वपूर्ण कार्य के लिए धन्यवाद दिया। इसके लिए धानका समाज की ओर से रामअवतार खर्रा ने मुख्यमंत्री को बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की। खर्रा ने परिष्कार पत्रिका को बताया कि सीएम से मिलकर जल्द ही अब इसके आगे की प्रक्रिया को प्रारंभ करेंगे।



# एडवोकेट मुकेश वर्मा बने निर्विरोध अध्यक्ष



**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** राजस्थान धानका समाज जयपुर (रजिस्ट्रेशन नंबर 256/69–70) के चुनाव में निर्विरोध अध्यक्ष पद पर एडवोकेट मुकेश वर्मा, महामंत्रीपद पर रोहित कुमार धानका, कोषाध्यक्ष नानछी लाल धानका, उपाध्यक्ष सूरजकरण डाबला व गुलाबचंद पचेरवाल, सचिन पद पर श्यामलाल धानका व कजोड़ मल धानका, सहायक सचिव पद पर लालचंद्र धानका, प्रचार मंत्री पद पर कालूराम मावर को निर्विरोध चुना गया। 21 सितंबर 2023 को सहकारिता विभाग के रिकॉर्ड में संघारित किया गया।

# बोर्ड गठन पर धानका समाज ने आतिशबाजी कर खुशियां व्यक्त की



जोधपुर शहर विधायिका मनीषा पंवार एवं मारवाड़ क्षेत्रीय जन जाति विकास बोर्ड की उपाध्यक्ष कीर्ति सिंह भील ने कैक काटकर कर बधाईया प्रेषित की।

**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** धानका महासभा जोधपुर ने ऐतिहासिक तोहफा मिलने पर जन नायक माननीय मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए केक काटकर खुशियां मनाई। इस अवसर पर धानका महासभा के अध्यक्ष, महासचिव लक्ष्मीकांत गहलोत सहित गणमान्य पदाधिकारियों ने जोधपुर शहर विधायिका मनीषा पंवार व मारवाड़ जनजाति क्षेत्रीय विकास बोर्ड की उपाध्यक्ष कीर्ति सिंह भील को साफा एव माला पहना कर स्वागत करते हुए मिठाई खिलाकर एवं समाज के गणमान्य लोगों ने केक काटकर खुशियां मनाई। राजस्थान राज्य धानका कल्याण बोर्ड के गठन पर सरकार को धन्यवाद देते हुवे मुख्यमंत्री का हार्दिक आभार व्यक्त किया। १९४७ के आजादी के बाद में ऐतिहा. सिक फोहफा दिया है।समाज की मुख्य धारा से जुड़कर शिक्षा एव विकास रोजगार उत्थान से मजबूत होगा। इस अवसर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष हिम्मत सिंह मौर्य, हीरालाल मावर, हीरालाल बिजावत, राजू खर्रा, कोषाध्यक्ष देवकरण डाबला, सचिव देवी सहाय कायथ, सुखदेव परमार, भगवान प्रसाद मोरवाल, युवा अध्यक्ष मेहर सिंह निर्वाण करण सिंह, नवरत्न कायत, उदय सिंह सोलंकी, जगदीश किराड़ लक्ष्मी नारायण डाबला कल्पेश परमार, रविन्द्र नाथावत, प्रवीण लुगरिया, विकास मोरवाल, रेखा किराड़, चन्दा देवी किराड़, नीतू वर्मा सीमा धानका हेतल डाबला उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री ने दी मंजूरी

# विद्यालयी खेलकूद प्रतियोगिताओं के लिए 1.27 करोड़ रूपए स्वीकृत

**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने विद्यालयी खेलकूद प्रतियोगिताओं के लिए 1.27 करोड़ रुपये का बजट उपलब्ध करवाये जाने की स्वीकृति प्रदान की है। उन्होंने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए 90 लाख रुपये एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए 37.50 लाख रुपये उपलब्ध करवाये जाने की मंजूरी दी है।गहलोत द्वारा दी गई स्वीकृति से राष्ट्रीय स्तर की 6 प्रतियोगिताओं के लिए प्रति खेल प्रतियोगिता 15 लाख रुपये तथा राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए 75 आयोजन स्थलों हेतु 50–50 हजार रुपये की राशि उपलब्ध करवाई जाएगी। इस राशि से खेलकूद प्रतियोगिताओं का बेहतर आयोजन सुनिश्चित हो पाएगा। उल्लेखनीय है कि स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इण्डिया द्वारा सत्र 2023–24 के लिए राष्ट्रीय स्तर की 6 खेलकूद प्रतियोगिताओं के आयोजन की मेजबानी राजस्थानको दी गई है।

# परिष्कार पत्रिका के 21वें स्थापना दिवस में शिक्षाविदों का सम्मान

# परिष्कार एक्सीलेंस अवार्ड : 2023

**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** परिष्कार पत्रिका के 21वें स्थापना दिवस के अवसर पर साइंस पार्क के ऑडोटोरियम में परिष्कार पत्रिका एक्सीलेंस सम्मान 2023 का आयोजन किया गया। इस भव्य गरिमामय कार्यक्रम में 100 से अधिक विभिन्न स्कूलों के संस्था प्रधानों और समाज सेवियों ने भाग लिया। परिष्कार पत्रिका के निदेशक श्रवणसिंह किरार, प्रधान संपादक हेमलता किरार, रविसिंह किरार और कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि माईकल कैथलीनो, रिचा भगसरा, उषा शर्मा, ओपी राजपुरोहित, प्रो आर के सैनी और संयोजक डेंजिल नाजरथ ने सरस्वती की प्रतिमा का माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान विभिन्न विद्यालय के छात्र–छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियां दी।

शिक्षाविदों के सम्मान समारोह में सभी विद्यालय से उपस्थित प्रिंसिपलों का परिष्कार पत्रिका परिवार की ओर से स्वागत करते हुए रविसिंह किरार और डेंजिल नाजरथ ने विभिन्न गतिविधियों से अवगत कराया और परिष्कार न्यूज पर चल रहे शिक्षक दिवस कैंपन से सभी का परिचय कराया। कार्यक्रम में सभी शिक्षाविदों का परिष्कार पत्रिका सम्मान का उर्पणा पहनाकर और प्रशस्ति पत्र और कैटलॉग देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर मुख्य आमंत्रित अतिथि जयेश कुमार भट्ट ने विभिन्न संस्थाओं के प्रधानों के समक्ष एक पायलट प्रोजेक्ट का प्रजेंटेशन दिया जिसमें बताया गया कि अपने दिमाग की पावर को कैसे बढ़ाएं। इस अवसर पर परिष्कार पत्रिका परिवार सहित अनेक गणमान्य संस्था प्रधान एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।



परिष्कार पत्रिका स्थापना दिवस में आयोजित सम्मान समारोह में महिला शिक्षाविदों की मुख्य भागीदारी



सम्मान समारोह में सभी शिक्षाविदों को उपर्णा पहनाकर और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया



ब्रह्मकुमारीज से चन्द्रकला दीदी, लक्ष्मीदीदी, एकतादीदी



सीनियर अध्यापक शिवकुमार पालीवाल-सरोज वर्मा



कामिनी चौहान पत्नी विंग कमांडर स्व. पृथ्वी सिंह चौहान



प्रो मंजू सैनी-प्रो. आरके सैनी प्रिंसिपल निम्स कॉलेज



उमा शर्मा आकाशदीप पीजी कॉलेज मानसरोवर



कार्यक्रम संयोजक, मोटिवेशनल स्पीकर डेंजिल नाजरथ



इंफ्लुंसर बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड से जयेशभट्ट और महिमाजैन



कैलाशचंद सैनी एमडी जय मां सरस्वती विद्यापीठ



बीके चन्द्रकला दीदी को सम्मानित करते हुए



परिक्षा किरार और वसुंधरा डाबी को सम्मानित करते हुए



कौशल सत्यार्थी मानव सेवा संस्था से सम्मानित



निर्मला किरार कॉर्डिनेटर



तनिष्क किरार और तनिष्का किरार के साथ परिष्कार परिवार



सौरभ जोशी लेक्चरार धनवंतरी मेडीकल कॉलेज



पुष्पेन्द्र शर्मा लेक्चरार धनवंतरी मेडीकल कॉलेज



रिचा भगासर, चौधरी पब्लिक स्कूल राकड़ी



लक्ष्य स्पेशल एज्यूकेशन स्कूल से मीना राजपूत



पाराशर पब्लिक स्कूल से रामलाल पाराशर



कार्यक्रम में ब्राईट बड स्कूल की छात्राएं सरस्वती वंदना प्रस्तुत करते हुए



कैथलीनो आई फाउंडेशन के अध्यक्ष माईकल कैथलीनों को सामाजिक सेवाओं के लिए



ओपी राजपुरोहित सेवानिवृत्त निदेशक



रूकमणी विद्यालय की छात्रा परिक्षा किरार की प्रस्तुति



ब्राईट बड स्कूल से प्रिंसिपल उषा सिंह



शाहीनी लॉयल जनता गर्ल्स स्कूल से



प्रकाश विद्या निकेतन से निदेशक फुलवती चौहान और प्रिंसिपल सिद्धार्थ चौहान



करुणा नागपाल प्रिंसिपल अरबिंदो स्कूल



महात्मागांधी विद्यालय की छात्रा तनिष्का किरार नृत्य प्रस्तुत करते हुए



महात्मागांधी विद्यालय से वरिष्ठ लक्ष्मण सिंह



केन्द्रीय विद्यामंदिर से निदेशक विकासशर्मा



नृत्य के लिए महात्मा गांधी स्कूल से तनिष्का किरार



ऑडिटोरियम में कार्यक्रम का आनंद लेते हुए विभिन्न विद्यालयों के गणमान्य अतिथि

**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** परिष्कार पत्रिका के 21वें स्थापना दिवस के अवसर पर साइंस पार्क के ऑडोटोरियम में परिष्कार पत्रिका एक्सीलेंस सम्मान 2023 के आयोजन पर परिष्कार पत्रिका के निदेशक श्रवण सिंह किरार, प्रधान सम्पादक हेमलता किरार, संपादक रविसिंह किरार, न्यूज कॉर्डिनेटर डेंजिल नाजरथ ने सभी शिक्षाविदों को विद्यार्थियों का विकास करने लिए सम्मान करते हुए आभार प्रकट किया साथ ही सभी सहयोगियों और व्यवस्थापकों का भी आभार प्रकट किया। इस अवसर पर मंच संचालन रविसिंह किरार ने किया। **बेस्टसाउंड के लिए कैलाशचौहान से सम्पर्क करें**

रजि नं. 259/2001 राजस्थान सरकार से स्थाई मान्यता प्राप्त
**जय मां सरस्वती विद्यापीठ सी.सै. स्कूल**
संकाय- कला एवं वाणिज्य [कक्षा नर्सरी से 12वीं तक [हिन्दी माध्यम]]
**JMS VIDHYAPEETH SR. SEC. SCHOOL**
(An English Medium) Nur. to XII(Arts & Com.)
44, दुर्गा विस्तार कॉलोनी, रावल जी का बंधा, एनबीसी स्टाफ क्वार्टर्स के पीछे, खातीपुरा रोड, जयपुर -6
प्रवेश प्रारंभ Ph. 0141-2225200, Mob. No. 9251467543, 9251467545
विशेषताएं : श्रेष्ठ माहौल, प्रशिक्षित अध्यापक-अध्यापिकाओं द्वारा अध्यापन, साप्ताहिक टेस्ट, कमजोर छात्र-छात्राओं हेतु विशेष कक्षाएं।

**पाराशर चिल्ड्रन पैराडाइज पब्लिक सी. सै. स्कूल**
**प्रवेश प्रारम्भ**
विशेषताएं : श्रेष्ठ माहौल, प्रशिक्षित अध्यापक-अध्यापिकाओं द्वारा अध्यापन, साप्ताहिक टेस्ट, कमजोर छात्र-छात्राओं हेतु विशेष कक्षाएं, उचित वाहन सुविधा एवं खेल-कूद, साप्ताहिक बाल सभा, कम्प्यूटर शिक्षा प्राथमिक कक्षाओं से, समय समय पर अध्यापक-अभिभावक संगोष्ठी।

रामलाल पाराशर, निदेशक
17, पार्क व्यू कॉलोनी, एनबीसी स्टाफ क्वार्टर्स के पीछे, खातीपुरा रोड, जयपुर -6 राजस्थान
Mob. No. 9351451481, 7726857268

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक और संपादक रवि सिंह किरार द्वारा एम बी प्रिन्टर्स डिग्गी हाऊस, एफ ७६ करतापुरा औद्योगिक क्षेत्र, जयपुर से मुद्रित तथा 89, संतोष नगर, अजमेर रोड़, जयपुर से प्रकाशित। फोन नं. 141-2450128/ 9314407796 parishkarpatrika@gmail.com
www.parishkarpatrika.page प्रधान संपादक हेमलता किरार तथा सलाहकार श्रवण सिंह किरार, विजय सिंह किरार, प्रचार एवं प्रसार प्रबंधक डी कुमार चित्र, शायर सिंह किरार